# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:.........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (26.04.2025)

**HINDUSTAN MUZAFFARPUR DATE:26.04.2025 PAGE-10**

## विवि में छह सदस्यीय टीम देखेगी लॉ का काम

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू में छह सदस्यीय टीम कानून संबंधित कामों को देखेगी। यह टीम विवि के लॉ सेक्शन को सहयोग करेगी। इस टीम में डॉ. अशोक कुमार साह, डॉ. सर्वेश दुबे, डॉ. जितेंद्र कुमार मिश्रा, डॉ. सारिका चौरसिया, डॉ. रोज सुलोचना और डॉ. दीपक कुमार शामिल है।

## प्रथम सेमेस्टर के छूटे हुए छात्रों की हुई परीक्षा

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू में स्नातक प्रथम सेमेस्टर सत्र 2024-28 की परीक्षा जिन विद्यार्थियों की छूट गई थी, उनकी परीक्षा शुक्रवार को हुई। ऐसे 13 छात्र थे। ये छात्र कोलकाता में हुई ईस्ट जोन प्रतियोगिता में शामिल होने गये थे। कुछ छात्रों की एमडीसी और एमजेसी की परीक्षा छूट गई थी। छात्रों की मांग पर यह परीक्षा ली गई।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
## DATE:26.04.2025, PAGE-04

# हास्टल से नहीं जाने पर भेजा जाएगा नोटिस

- परीक्षा खत्म होने के बाद भी नहीं खाली हो रहा छात्रावास
- प्रत्येक सेमेस्टर में विश्वविद्यालय स्तर से रिन्यूअल का प्राविधान

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में पीजी सत्र 2022-24 के अंतिम सेमेस्टर की परीक्षा खत्म हो गई, लेकिन छात्र अब तक छात्रावास में जमे है। बताया जा रहा कि फोर्थ सेमेस्टर की परीक्षा फरवरी में खत्म हो चुकी है। छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों की परीक्षा खत्म होने के साथ ही खाली करने का प्रविधान है। दूसरी ओर प्रत्येक सेमेस्टर के लिए विश्वविद्यालय स्तर से रिन्यूअल का प्राविधान है। लेकिन, सत्र 2022-24 की 15 छात्राओं ने फाइनल परीक्षा देने के दो महीने बाद भी कमरा खाली नहीं किया है। अब विश्वविद्यालय की ओर से ऐसे विद्यार्थी को चिह्नित किया जा रहा है। कमरा खाली करने के लिए उन्हें नोटिस भेजा जाएगा।

विश्वविद्यालय में पीजी सत्र 2023-25 की कक्षाएं मार्च के अंतिम सप्ताह से ही शुरू हो चुकी है। पीजी विभागों में दूसरे जिलों की छात्राओं का भी नामांकन हुआ है। वैशाली, सीतामढ़ी, पूर्वी चंपारण व पश्चिमी चंपारण की छात्राओं ने विश्वविद्यालय में हास्टल की सुविधा देखकर नामांकन तो ले लिया है, लेकिन अब वे छात्रावास में कमरा आवंटित कराने के लिए विश्वविद्यालय का चक्कर लगा रही हैं। विश्वविद्यालय में लड़कियों के लिए चार छात्रावास हैं। ये पीजी के अलग-अलग सेमेस्टर और शोध छात्राओं के लिए आरक्षित है।

वहीं एक छात्रावास विभिन्न संगोष्ठी व सेमिनार में बाहर से आने वाली महिला अतिथियों के लिए है। लेकिन पीजी के छात्रावास में जगह नहीं मिलने के कारण छात्राओं को दूसरे छात्रावास आवंटित किए जा रहे हैं। डीएसडब्ल्यू प्रो. आलोक प्रताप सिंह ने बताया कि कोर्स पूरा होने के बाद भी जिन छात्राओं ने अब तक हास्टल खाली नहीं किया है, उन्हें चिह्नित किया गया है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
DATE: 26.04.2025, PAGE-04

## विवि. एडवाइजरी कमेटी की बैठक में बनी सहमति

# 24 वें विभाग के रूप में मैनेजमेंट की शुरुआत

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

विवि में कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय की अध्यक्षता में मैनेजमेंट एडवाइजरी कमेटी की बैठक हुई. इसमें मैनेजमेंट विभाग को कॉमर्स से अलग करके दूरस्थ शिक्षा निदेशालय भवन में शिफ्ट करने के प्रस्ताव पर सहमति बन गई. अब बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में मैनेजमेंट विभाग की शुरुआत 24 वें विभाग के रूप में होगी.

इससे पहले 23 विभाग है. मैनेजमेंट की पढ़ाई अब तक कॉमर्स विभाग से संबद्ध करके होती है. जल्द ही विश्वविद्यालय के अधिकारी प्रस्तावित भवन का निरीक्षण करेंगे.वहां इंफ्रास्ट्रक्चर सहित अन्य सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित होने पर विभाग को शिफ्ट करने तिथि घोषित कर दी जाएगी. इस महीने के अंत तक नये विभाग के पूरी तरह अस्तित्व में आने की संभावना जतायी जा रही है. मैनेजमेंट विभाग में एमबीए की पढ़ाई सेल्फ फाइनेंस मोड में होती है. इसके लिए 90 सीट निर्धारित है. फैकल्टी व स्टाफ संविदा पर रखे गए हैं. अभी पूरी व्यवस्था पीजी कॉमर्स विभाग की देखरेख में चलती है.

इससे अलग होने के बाद नये विभाग को यूनिवर्सिटी डिपार्टमेंट ऑफ मैनेजमेंट के नाम से जाना जाएगा. बैठक में कुलानुशासक प्रो बीएस राय, डीएसडब्ल्यू प्रो आलोक प्रताप सिंह सहित कमेटी के अन्य सदस्य मौजूद थे.

### एमबीए की मान्यता के लिए भेजेंगे आवेदन

बता दे कि विवि की ओर से पिछले साल ही प्रस्ताव तैयार किया गया था . वहीं इस साल एकेडमिक काउंसिल, सिंडिकेट और सीनेट से स्वीकृति भी मिल गई . नये सत्र में नामांकन सहित अन्य प्रक्रिया को पूरी करने के लिए एडवाइजरी कमेटी की बैठक बुलाई गई . इसमें फैकल्टी व स्टाफ का मानदेय बढ़ाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी मिल गई . डिप्टी रजिस्ट्रार-2 विनोद बैठा ने बताया कि सत्र 2025-26 में एमबीए कोर्स की मान्यता के लिए विश्वविद्यालय की ओर से एआइसीटीइ को आवेदन भेजा जाएगा . अनुमति मिलने के बाद नामांकन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी .